दिनांक : 08.07.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री आज ब्रासीलिया में ब्राजील के राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात, कल जायेंगे नामीबिया।
- मुख्यमंत्री ने दिल्ली में सूचना प्रसारण राज्यमंत्री डॉ.एल मुरूगन से मुलाकात, कहा उज्जैन में शुरू होगा आकाशवाणी केन्द्र।
- भोपाल में नये क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का हुआ शुभारंभ, पासपोर्ट बनाने की सेवा होगी और बेहतर।
- प्रदेश में सिवनी, बालाघाट, और मंडला जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

## प्रधानमंत्री-ब्रासीलिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में राष्ट्रपति **लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा** के साथ वार्ता करेंगे। इस अवसर पर दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी संबंधों पर चर्चा होगी। इसके बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की भी उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री नामीबिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कल नामीबिया की राजधानी विन्डहोक पहुंचेंगे। उनकी यह यात्रा नामीबिया के राष्ट्रपति नेतुम्बो नंदी नेतवाह के निमंत्रण पर हो रही है। श्री मोदी उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी करेंगे। नामीबिया में भारत के उच्चायुक्त राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि इस यात्रा से नामीबिया में भारत के निवेश की संभावनाएं बढ़ेगी।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दिल्ली प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन से मुलाकात की। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्जैन आकाशवाणी केन्द्र से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी।

## वृक्षारोपण अभियान.गडकरी

केन्द्र सरकार कार्बन उत्सर्जन को कम करने और राष्ट्रीय राजमार्गों को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने फरीदाबाद.नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडे गलियारे पर आज श्एक पेड़ मां के नाम.2०0श अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री गड़करी ने कहा कि एक पेड़ मॉं के नामत अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री ने की है।

## पीएम-जनधन

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बैंको को निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन-धन खातों को बंद करने का कोई निर्देश नही दिया गया है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि निष्क्रिय जन-धन खातों पर नज़र रखी जाती है और बैंको को खाता धारकों को खाते को सक्रिए करने के लिए संपर्क करने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने बताया कि जन-धन खातों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और उसके समक्ष बड़ी संख्या में निष्क्रिए खातों के बंद होने का कोई मामला नही आया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जन-धन योजना खातों, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पैंशन योजना और दूसरी कल्याणकारी योजनाओं को और लोकप्रिय बनाने के लिए तीन महीने का अभियान चलाया जा रहा है।

## पासपोर्ट कार्यालय

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अधीन बने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग और श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थी। लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य पासपोर्ट अधिकारी केजी श्रीनिवास ने कहा कि भोपाल आरपीओ से पोने तीन लाख पासपोर्ट जारी किए गए है। उन्होंने कहा कि इंदौर के पासपोर्ट ऑफिस को भी नये भवन में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट बनवाने की पूरी प्रोसेस में पारदर्शिता लाई गई हैं। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने नये कार्यालय के शुभारंभ पर कहा कि इससे पासपोर्ट सेवा और बेहतर होगी

मुख्यमंत्री माखनलाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संप्रेषण और उनकी प्रभावशीलता के सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां भी विश्वविद्यालय में आरंभ करने की आवश्यकता बताई।

हज-आवेदन

हज समिति ने हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्री आधिकारिक हज पोर्टल या हज सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से अपना आवदेन जमा कर सकते हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई तक खुली रहेगी। आवेदक के पास आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले जारी किया गया भारतीय पासपोर्ट होना अनिवार्य है, और वह कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक वैध होना चाहिए।

मौसम

मौसम विभाग ने सिवनी, मंडला, बालाघाट जिलों के लिए अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अनूपपुर, डिण्डोरी, हरदा, खंडवा, छिन्दवाड़ा सहित 12 जिलों के लिए अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट है। प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। यहां कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। जिनमें भोपाल, इन्दौर, देवास शामिल है। मौसम विभाग ने पूर्वी मध्यप्रदेश के अनूपपुर, बालाघाट, उमरिया सहित सभी जिलों में मध्यम स्तर की बाढ़ का खतरा जताया है। प्रदेश में कल बालाघाट और रायसेन जिलों में अत्यधिक बारिश दर्ज की गई। बारासिवनी में 353 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई। भारी बारिश के चलते नर्मदा समेत कई नदियां खतरे के निशान से उपर बह रही है। आज सुजारा बांध के 12 गेट खोल दिये गये। इसके अलावा सारणी के सतपुड़ा बांध के 7 गेट खोल

दिय गये हैं। नरसिंहपुर जिले के कई गॉवों जलमग्न हो गये हैं। रायसेन के बेगमगंज में एक दो मंजिला मकान गिर गया। वहीं छतरपुर के गढ़ा में दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। नर्मदापुरम जिले में कल भी सभी स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

कुछ समाचार संक्षेप में

- छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन ने आज गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम पहुंचकर जीर्णशीर्ण भवनों को तत्काल डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए।
- नीमच जिले में कलेक्टर ने जनसुनवाई करते हुए 98 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।
- खंडवा जिले में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर श्री दादाजी धुनीवाले जी का वार्षिक मेला दिनांक 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।
- देवास, जिले में दिव्यांखगजनों के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विकासखण्ड बागली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 जुलाई को शिविर का आयोजन होगा।
- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 19 जुलाई से 10 दिवसीय नागद्वारी मेला यात्रा की शुरुआत होगी।
और
- अशोकनगर कलेक्टर आदित्य  सिंह ने मुख्यरमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत 09 हितग्राहियों को 36 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वी्कृत की।

..............................